## एक नजर में

### पिछले 24 घंटों में खंडवा 4, हरसूद में 7 पुनासा में 8 और खालवा में 11 मिमी हुई वर्षा



**खंडवा ।** पिछले 24 घंटे में खंडवा जिले में 6 .6 मिली मीटर औसत बारिश दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया पिछले चौबीस घंटे मे खंडवा तहसील में 4, मिलीमीटर, पंधाना में 3, मिलीमीटर, पुनासा में 8 मिलीमीटर, हरसूद में 7 तथा खालवा तहसील में 11 वर्षा दर्ज की गई है। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष 17 अगस्त तक जिले में 583 .4 मि .मी. औसत वर्षा हो चुकी थी। जबकि इस वर्ष अब तक जिले में 367 .8 मि .मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक खंडवा तहसील में 478 मिली मीटर, हरसूद तहसील में 355 मिली मीटर, पन्धाना तहसील में 268 मिली मीटर, पुनासा तहसील में 340 मिली मीटर तथा खालवा तहसील में 393 मिली मीटर वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है। उल्लेखनीय है कि खंडवा जिले की औसत वर्षा 808 मि .मी . है।

### ओंकारजी महाराज आज ओंकार पर्वत का भ्रमण करने जाएंगे



**ओंकारेश्वर ।** भादव मास के दूसरे सोमवार को ओंकारजी महाराज सजी हुई चांदी की पालकी में विराज मन होकर 3बजे ओंकार पर्वत का भ्रमण करने ढोल धमाकों एवं भक्तों के साथ निकलेंगे । कोटितीर्थ घाट पर पूजा आरती के बाद ओंकार पर्वत की परिक्रमा के लिए भक्तों के साथ रवाना हो जाएंगे । संगम घाट पर विद्वान पंडितों द्वारा पूजा अर्चना करवाई जाएगी । यहां पूरी परिक्रमा कर रात्रि 10 बजे वापिस मंदिर पहुंचेंगे । मार्ग में जगह -जगह संत महात्माओं द्वारा एवं भक्तों द्वारा फरियाली खिचड़ी, मिठाई, फ़लफ्रुट, चाय पानी से भक्तों का स्वागत किया जाएगा। भक्तों द्वारा पुष्पों गुलाल उड़ाकर एवं कपूर आरती कर ओंकारजी महाराज का अभिवादन किया जाएगा । भोले शंभू भोले नाथ के उद्घोष कर भक्त भावविभोर हो जाएंगे । प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए है।

### सद्भावना मंच पर जन्माष्टमी पर्व हुआ भक्तिमय गीतों का कार्यक्रम



**खंडवा।** सद्भावना मंच कार्यालय में संगीतमय वातावरण में भक्तिमय गीतों भजनों के साथ जन्माष्टमी पर्व मनाया गया। यह जानकारी देते हुए मंच के निर्मल मंगवानी ने बताया कि इस अवसर पर सुनील सोमानी, राजेश खांडे, अशोक जैन, कैलाश शर्मा, अशोक पारवानी, एनके दवे, निर्मल मंगवानी, साईं भक्त महेश मुलचंदानी आदि गायकों ने भक्तिमय गीतों की शानदार प्रस्तुतियों के माध्यम से वातावरण को कृष्णमय कर दिया। इस अवसर पर मंच संस्थापक प्रमोद जैन ने सभी शहर वासियों को तथा देशवासियों को जन्माष्टमी पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस मौके पर पूर्व डीएसपी आनंद तोमर, डॉ जगदीश चौरे, गणेश भावसार, कमल नागपाल, जितेन्द्र, कैलाश पटेल, सुभाष मीणा के साथ ही कई श्रोता मौजूद थे।

### माहेश्वरी समाज ने सत्यनारायण मन्दिर को सजाया तिरँगा थीम पर



**खण्डवा।** माहेश्वरी समाज खंडवा द्वारा संचालित श्री सत्य लक्ष्मी नारायण मंदिर बुधवार बाजार खंडवा में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी जन्माष्टमी उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। जानकारी देते हुए माहेश्वरी पंचायत के अध्यक्ष नारायण बाहेती ने बताया कि गत अनेकों वर्षों से जन्माष्टमी पर्व विशेष थीम पर मनाया जाता है। इस वर्ष भी माहेश्वरी पंचायत अध्यक्ष नारायण बाहेती, सचिव विजय राठी माहेश्वरी युवा संगठन के प्रियांश काकाणी, केशव गोपाल बाहेती, अभिषेक कचोलिया, हर्ष बाहेती, अर्पित बाहेती महिला मंडल अध्यक्ष प्रिया जाखेतिया सचिव नीता राठी कोषाध्यक्ष कंचन काकाणी के नेतृत्व में जन्माष्टमी पर्व पर राष्ट्र को समर्पित तिरंगा थीम के साथ ही भारत के सैनिकों को समर्पित ऑपरेशन सिंदूर की झांकी बनाई गई । एलईडी पर ऑपरेशन सिंदूर का दृश्य दिखाया गया ।झांकी में भारतीय सैनिक द्वारा आतंकी को मारते हुए व ब्रम्हास्त्र मिसाइल का प्रदर्शन किया गया ।3 मिनट के ऑपरेशन सिंदूर के दृश्यों को देख हाल दर्शनार्थियों के भारत माता की जय व वंदे मातरम के नारों से गूंज उठा ।झांकी निर्माण में माहेश्वरी समाज के मुकेश झवर, श्याम झवर, जाग्रति व नम्रता झंवर, भगवान लड्ढा, अनिल बाहेती, सुरेंद्र सोलंकी केशव शर्मा, सुनील जैन, रानू लाला सहित बड़े और बच्चे सभी अपने हाथों से सुंदर झांकी का निर्माण किया। पूरे मंदिर एवं माहेश्वरी भवन को राष्ट्रीयता के साथ तिरंगे रंग से विभिन्न कलाकृतियों से सजाया गया ।साथ ही जन्माष्टमी की मुख्य प्रसादी पंजेरी, माखन मिश्री व फल प्रसादी का वितरण भी शाम से ही प्रारंभ कर दिया राष्ट्र को समर्पित झांकी को देखने पुलिस अधीक्षक मनोज रॉय परिवार सहित पधारे व इस थीम की सराहना की। सुनील जैन ने बताया कि श्रद्धालुओं को इस मन्दिर में प्रतिवर्ष नई थीम पर सजावट देखने को मिलती है। मंदिर में आकर्षक सरकार की पक्ष शाम 6 .00 बजे पुलिस अधीक्षक मनोज राय श्रद्धालुओं के लिए अपने हाथों से द्वार खोलकर सह परिवार दर्शन किए। बालकृष्ण के पालने को झुलाया एवं ऑपरेशन सिंदूर पर बनी झांकी को नीहारा। रात्रि 12 .00 बजे भगवान कृष्ण के जन्म पर महाआरती का आयोजन हुआ। देररात तक दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। पंडित लक्ष्मीदत्त दाधीच व पंडित अमित दाधीच ने विधि विधान से सुबह शाम व रात्रि में कृष्ण जन्म की आरती की।

# अब स्कूलों में ही बनेंगे बच्चों के आधार कार्ड

**"विद्यार्थी के लिए आधार, अब विद्यालय के द्वार" अभियान के तहत 20 अगस्त से स्कूलों में लगेंगे आधार पंजीयन शिविर**

नवभारत न्यूज

**खंडवा ।** प्रदेश में स्कूल के बच्चों के आधार कार्ड तैयार करने के लिये स्कूल में ही विशेष अभियान शुरू किया जा रहा है जायेगा। इसके लिये स्कूल शिक्षा विभाग के राज्य शिक्षा केन्द्र ने भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण यूआईडीएआई के साथ समन्वय किया है। सरकारी स्कूलों में छात्रों की सुविधा के लिए आधार नामांकन और अपडेट शिविर लगाये जायेंगे।

जिला शिक्षा अधिकारी पीएस सोलंकी ने बताया कि इस अभियान का नाम "विद्यार्थी के लिए आधार, अब विद्यालय के द्वार" होगा। उन्होंने बताया कि यह पहल मुख्य रूप से बच्चों के अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट पर केंद्रित है। इसमें उनके आधार में उंगलियों के निशान, आईरिस स्कैन और एक तस्वीर अपडेट करना शामिल है।




पहला अपडेट तब आवश्यक है जब बच्चा 5 वर्ष का हो जाए। पहला बायोमेट्रिक अपडेट 5 से 7 वर्ष की आयु के बीच पूरा होने पर नि:शुल्क रखा गया है। विद्यार्थी के उम्र 7 वर्ष की आयु से अधिक होने के बाद शुल्क लागू होगा।

उल्लेखनीय है कि, अपडेटेड बायोमेट्रिक्स वाला आधार कार्ड, स्कूल प्रवेश, प्रवेश परीक्षा, छात्रवृत्ति और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर अर्थात डीबीटी योजनाओं जैसी सेवाओं के लिए महत्वपूर्ण है। इसीलिए सरकार समयबद्ध तरीके से विद्यार्थियों की 100 प्रतिशत "अपार" आईडी बनाने का भी लक्ष्य रख रही है। आपार आईडी विद्यार्थियों को उनके सभी शैक्षणिक क्रेडिट, जैसे स्कोर कार्ड, मार्कशीट, ग्रेड शीट, डिग्री, डिप्लोमा, सर्टिफिकेट और सह-पाठ्यचर्या संबंधी उपलब्धियों को डिजिटल रूप से संग्रहित, प्रबंधित और एक्सेस करने में मदद करती है। यह आईडी शिक्षा जगत में छात्र के लिए एक स्थायी डिजिटल पहचान के रूप में कार्य करती है।

आपार आईडी के लिए एक महत्वपूर्ण बात यह है कि स्कूलों द्वारा आपार आईडी बनाने के लिए उपयोग किए जाने वाले यू डाइस+ पोर्टल में दर्ज छात्र का नाम, आधार कार्ड में दर्ज नाम से मेल खाना चाहिए।

**तीसरा बायोमेट्रिक अपडेट 15 से 17 वर्ष की आयु**

*दूसरा बायोमेट्रिक अपडेट तब आवश्यक है जब विद्यार्थी 15 वर्ष का हो जाएगा। तीसरा बायोमेट्रिक अपडेट 15 से 17 वर्ष की आयु के बीच पूरा होने पर नि:शुल्क है, लेकिन 17 वर्ष की आयु के बाद शुल्क लागू होगा।*

इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि "विद्यार्थी के लिए आधार, अब विद्यालय के द्वार अभियान के तहत सरकारी स्कूलों में आधार शिविर, न केवल छात्रों को अपना अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट करवाने में सुविधा प्रदान करेंगे, बल्कि यदि आवश्यक हो तो आधार में नाम सुधार आपार आईडी बनाने के लिए और मोबाइल नंबर अपडेट के लिए भी उन्हें सुविधा प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि पहले चरण में 40 जिलों में यह अभियान इस माह से शुरू किया जा रहा है। इस अभियान के तहत दूसरे चरण में प्रदेश के 15 जिलों में सितंबर माह में स्कूलों में ही पंजीयन शिविर लगाकर बच्चों का आधार पंजीयन किया जाएगा।

# भरत मिलाप प्रसंग सुन भावुक हुए श्रद्धालु




नवभारत न्यूज

**खण्डवा। नवकार नगर स्थित नक्षत्र गार्डन में चल रही श्रीमद वाल्मीकीय श्रीराम कथा ज्ञानयज्ञ के पंचम दिवस पर कथा व्यास परम पूज्य जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्री श्रीधराचार्य महाराज ने भरत मिलाप का हृदयस्पर्शी प्रसंग सुनाया। प्रसंग सुनते ही कथा पंडाल भाव-विभोर हो उठा और श्रद्धालुओं की आँखें नम हो गईं।**

महाराज श्री ने कहा कि जब भरत को राम के वनवास जाने का समाचार मिला तो वे अत्यंत व्यथित हुए। उन्होंने राज्य, सुख-संपत्ति और वैभव सब त्यागकर नंगे पाँव, सिर पर रामपदुका रखकर नंदिग्राम में निवास किया। यह प्रसंग दर्शाता है कि भरत ने केवल अपने बड़े भाई ही नहीं, बल्कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम को ही अपना प्राण-प्रिय मानकर सम्पूर्ण जीवन उनके चरणों में अर्पित कर दिया।

प्रवक्ता नारायण बाहेती व सुनील जैन ने बताया कि महाराज श्री ने कहा कि भरत का त्याग, निस्वार्थ प्रेम और अटल भक्ति आज भी समाज को अनुकरणीय प्रेरणा देता है। कथा पंडाल जय जय सियाराम के गगनभेदी नारों से गूंज उठा। व्यास पीठ का पुजन कथा के मुख्य यजमान राजेन्द्र प्रसाद भगवान दास सहाय व किशनलाल मोहनलाल अग्रवाल, परिजनो व समिति अध्यक्ष रामस्वरूप बाहेती, सचिव शैलेन्द्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष घनश्यामदास शाह ने किया।

इस अवसर पर पंडित लक्ष्मीदत्त दाधीच, हरिवल्लभ मित्तल, सुनील बंसल, ओमप्रकाश अग्रवाल, सुधीर दलाल, सुनील जैन, राजनारायण परवाल, गोवर्धन अग्रवाल, नारायण बाहेती, अखिलेश गुप्ता, राजेन्द्र अग्रवाल, संजय जिया लाल, केदार कचोलिया, गोपाल बाहेती, दीपक पालीवाल, अनिल बाहेती, विनोद अग्रवाल, आशीष चटकेले रितेश चौहान, संदीप माहेश्वरी, विजय राठी, राजेश अग्रवाल, अलव अग्रवाल, नरेश जांगिड़, मांगीलाल जांगिड़, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। जावरा, बड़ोदा, बांसवाड़ा, इंदौर, उज्जैन सहित विभिन्न नगरों से आए भक्तगण भी इस अवसर के साक्षी बने। समिति ने प्रतिदिन 2 बजे से 6 बजे तक होने वाली कथा में पधारने की अपील की ।महाआरती के पश्चात प्रसाद वितरण हुआ। आभार सचिव घनश्याम दास शाह ने माना।

# दादाजी के मंदिर निर्माण से पूर्व सॉइल टेस्टिंग का कार्य जारी



नवभारत न्यूज

**खंडवा ।** गत 30 जून को खंडवा में आयोजित कार्यक्रम में "दादाजी धूनी वाले के नए मंदिर निर्माण" का शिलान्यास कार्यक्रम संपन्न हुआ था। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी इस भूमि पूजन महोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित होकर मंदिर निर्माण स्थल पर पुष्प अर्पित कर समाधि के दर्शन किए थे ।

मंदिर निर्माण कार्य शुरू करने से पूर्व मंदिर परिसर में इन दिनों निर्माण स्थल पर अलग अलग स्थान की खुदाई कर मिट्टी के सैंपल लेकर सॉइल टेस्टिंग का कार्य अत्याधुनिक मशीनों से किया जा रहा है। इसकी टेस्ट रिपोर्ट आने के बाद मंदिर निर्माण कार्य की अगली प्रक्रिया शुरू होगी।

# लालचौकी राधाकृष्ण मंदिर में जन्माष्टमी पर हुई भजन संध्या

नवभारत न्यूज

**खण्डवा।** महालक्ष्मी मंदिर परिसर स्थित राधाकृष्ण मंदिर में जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर राधाकृष्ण मंदिर में विद्युत सज्जा के साथ आकर्षक श्रृंगार भी किया गया। शाम को मंदिर में फूलों से विशेष श्रृंगार किया गया। शाम को श्रद्धालुओं की भीड़ भगवान के दर्शन को उमड़ पड़ी। जन्माष्टमी पर जैसे ही घड़ी की सुईयां बारह पर पहुंची मंदिर में घंटी व आरतियों के स्वर गूंजने लगे। मंदिर में उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान कृष्ण के पालने को झूला देकर उनके दर्शनों का लाभ लिया। मंदिर में हाथी, घोड़ा, मोर पर भगवान कृष्ण की पालकी सजाई गई। म्हारा कीर्तन मा रस बरसाओ, गोविंदा आला रे जैसे कृष्ण भक्ति के गीत शहर की गलियों व मंदिरों में गूंजते रहे।




शैलेष पालीवाल ने बताया कि रात्रि में कुमारी विश्वभारती दीदी (नैमिषारण्य) ने जन्माष्टमी के अवसर पर प्रवचन में कहा कि कृष्ण विष्णु के आठवें अवतार हैं और हिंदू धर्म में सबसे व्यापक रूप से प्रशंसित देवताओं में से एक हैं। कृष्ण, एक हिंदू भगवान से अधिक, एक सच्चे आध्यात्मिक गुरु है। उन्होंने मानव जाति के आध्यात्मिक और क्रमिक भाग्य में सुधार किया। उन्होंने दुनिया को भक्ति और धर्म के साथ-साथ अंतिम वास्तविकता के बारे में शिक्षित किया।

दीदी ने कहा कि कृष्ण अतीत में, आज आधुनिक दुनिया में हर दृष्टि से लोगों के लिए आदर्श रहे हैं और निश्चित रूप से आने वाले युगों में भी रहेंगे। कृष्ण नाम का अर्थ है कि आनंद और प्रेम की अनुभूति । प्रवचन के बाद रामेश्वर महिला मंडल द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। रात्रि 12 बजे महाआरती की गई जिसमें श्रद्धालुओं ने शामिल होकर जन्मोत्सव का आनंद लिया तथा प्रसादी वितरण किया गया।

इस मौके पर मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सुभाष खण्डेलवाल, सचिव राकेश झंवर, मंगलेश उपाध्याय, संजय शुक्ला, शैलेष पालीवाल, आनंद गुप्ता, राकेश पालीवाल, दीपक पालीवाल, अलकेश गुप्ता सहित भक्तगण उपस्थित थे

# जिले मे अवैध शराब के प्रकरण में आरोपियों के विरुद्ध की कार्रवाई

**खंडवा।** जिले के विभिन्न थानों में 07 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। धारा 126/135 बीएनएसएस के तहत 05 प्रकरणों में 05 अनावेदकों के विरुद्ध, धारा 170 बीएनएसएस के तहत 02 प्रकरण मे 02 अनावेदकों के विरुद्ध अनावेदकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। जिले में 04 अनावेदकों के विरुद्ध बाउंड ओवर की कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेंद्र तारणेकर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजेश रघुवंशी के मार्गदर्शन में 02 गिरफ़्तारी, 08 जमानती वारंट, 41 समन जिले के विभिन्न थानो के द्वारा अलग-अलग न्यायालय के तामील किये गए। अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरुद्ध थाना पंधाना के आरोपी रंजीत पिता कल्याण सोलंकी उम्र 48 साल निवासी ग्राम सारोला के कब्जे से 10 लीटर अवैध हाथ भट्टी महुआ शराब कीमती 1000/-रू .की जप्त की गई। थाना मूँदी के आरोपी विक्रम पिता प्रभात कोरकू उम्र 23 साल निवासी ग्राम सहेजला के कब्जे से 17 क्वार्टर देशी प्लेश शराब कीमती 1190/-रू . की जप्त की गई7 आरोपी शुभम पिता रामचन्द्र खाडे उम्र 29 साल नि .ग्राम बीड़ के कब्जे से 17 क्वार्टर देशी प्लेश शराब कीमती 1190/-रूपए की जप्त की गई7 आरोपी आनंदराम पिता प्रहलाद काजले जाति कोरकू उम्र 38 साल नि .ग्राम दौगांलिया के कब्जे से 10 लीटर कच्ची हाथ भट्टी महुआ शराब कीमती 900 /-रूपए की जप्त की गई। उक्त सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

**स्वतंत्रा दिवस** — **केन्द्रीय विद्यालय के छात्र व छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया**

# एनएचडीसी इंदिरा सागर पावर स्टेशन में स्वतंत्रा दिवस समारोह का आयोजन



नवभारत न्यूज

**नर्मदानगर। एनएचडीसी इंदिरा सागर पावर स्टेशन में 79वें स्वतंत्रता दिवस हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। इस असवर पर परियोजना प्रशासनिक भवन प्रांगण में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजीत कुमार, परियोजना प्रमुख, इंदिरासागर पावर स्टेशन द्वारा ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण उपरांत राष्ठगान के साथ सीआईएसएफजवानों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में इंदिरा सागर पावर स्टेशन के कार्मिक एवं परियोजना की सुरक्षा में तैनात केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के अधिकारी एवं जवान उपस्थित थे।

परियोजना प्रमुख अजीत कुमार द्वारा अपने सम्बोधन में समस्त एनएचडीसी कार्मिकों एवं सीआईएसएफ को 79वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकानाएं दी। परियोजना प्रमुख द्वारा सर्वप्रथम इस अवसर पर स्वतंत्रता सैनानियों, राष्टवादियों एवं बलिदानियों द्वारा देश की स्वतंत्रता में उनके योगदान को नमन किया और सभी से उनके आदर्शो पर चलने का आह्वान किया। परियोजना प्रमुख द्वारा इंदिरा सागर पावर स्टेशन का अभी तक का सर्वाधिक दैनिक विद्युत उत्पादन 26 .6562 मिलियन यूनिट का कीर्तिमान प्राप्त करने के लिए इंदिरा सागर पावर स्टेशन में पदस्थ समस्त कार्मिकों का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें इसी प्रकार मेहनत, ईमानदारी एवं सत्यनिष्ठा पूर्वक अपना योगदान देते रहने को कहा ताकि इंदिरा सागर पावर स्टेशन द्वारा इससे भी अधिक विद्युत उत्पादन का नया कीर्तिमान बनाया जा सके ।

इसके साथ ही परियोजना प्रमुख द्वारा 640 मेगावाट की पंप स्टोरेज परियोजना का कार्य भारत सरकार से अनुमोदन उपरांत जल्द ही शुरू होने की घोषणा की एवं समस्त कार्मिकों से आधुनिक तकनीकी युग में नये कार्य के लिए तैयार रहने के लिए कहा ।

## विद्यालय में ध्वजारोहण

तत्पश्चात् एनएचडीसी केन्द्रीय विद्यालय, नर्मदा नगर प्रागंण में आयोजित कार्यक्रम में परियोजना प्रमुखए अजीत कुमार द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख ने अपने उद्बोधन में केन्द्रीय विद्यालय के बच्चों में उत्साह भरते हुए कहा कि वे शिक्षा के साथ-साथ स्वस्थ्य शरीर एवं मन को निर्मल बनाये रखे जिससे वे अपने देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने में सक्षम हों एवं यह भी बताया कि आज के दिन इस पावन अवसर पर हम सभी मिल कर उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों, बलिदानियों तथा देश पर प्राण समर्पित करने वाले शहीद सैनिकों को नमन करें, जिन्होंने इस देश की आजादी को प्राप्त करने के लिए अपने प्राणों की सहर्ष आहूति दी।



केन्द्रीय विद्यालय, नर्मदानगर के प्रागंण में परियोजना प्रमुख अजीत कुमार द्वारा एनएचडीसी की उपलब्धियां बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय प्रगति हेतु आवश्यक विद्युत की उपलब्धता सुनिश्चित कर हमारी संस्था एनएचडीसी देश की तरक्की में महत्वपूर्ण योगदान के साथ प्रदेश एवं देश का गौरव बढ़ाया है एवं विद्युत उत्पादन हमारी सर्वोपरी प्राथमिकता है। स्वतंत्रता दिवस के इस अवसर पर परियोजना प्रमुख द्वारा केन्द्रीय विद्यालय की प्राचार्या, शिक्षकगण एवं सभी विद्यार्थियों को बहुत-बहुत शुभकामनाऐं दी एवं उम्मीद की कि उनके अथक प्रयासों से नर्मदा नगर स्थित यह केन्द्रीय विद्यालय भविष्य में और भी सफलता के नित नये सोपान हासिल करेगा। इस अवसर पर केन्द्रीय विद्यालय के छात्र व छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसका आनंद उठाते हुएए सभी लोगों ने कोटि-कोटि प्रशंसा की।

केन्द्रीय विद्यालय कार्यक्रम में अजीत कुमार, परियोजना प्रमुख के साथ गोपाल खण्डेलवाल, महाप्रबंधक( सिविल), रेशमा संजीव, विभागाध्यक्ष (मानव संसाधन), चन्द्रकांत जयकर, नामित अध्यक्ष, केन्द्रीय विद्यालय, नर्मदा नगर, संजीव कुमार, सहायक कमाण्डेन्ट, सीआईएसएफयूनिट, नर्मदा नगर, केन्द्रीय विद्यालय प्राचार्या एवं समस्त एनएचडीसी अधिकारी एवं